<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14 जून 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, सिविल अस्पताल पहुंच कर घायलों से की मुलाकात।
- उच्च स्तरीय बहु विषयक समिति करेगी अहमदाबाद विमान हादसे के कारणों की जांच, ऐसी घटनाओं का सामना करने के लिए दिशा निर्देशों के बारे में देगी सुझाव।
- ईको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पहली बार बरसात में खुलेगी दुधवा नेशनल पार्क की मोहम्मदी रेंज।
- हीट वेव के कारण प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में तीस जून तक नहीं होगा पठन पाठन।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल अहमदाबाद में विमान हादसे पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने दुर्घटनास्थल का दौरा किया और बचाव कार्यों में लगे अधिकारियों तथा अन्य लोगों से मिलकर स्थिति का जायजा लिया। कल सुबह श्री मोदी ने अहमदाबाद सिविल अस्पताल में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के घायलों से मुलाकात की। उन्होंने दुर्घटना में बचे एकमात्र यात्री भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वास कुमार रमेश से अस्पताल में मुलाकात की। विश्वास ने दुर्घटना के बारे में प्रधानमंत्री को जानकारी दी। इस बीच, एयर इंडिया ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान की दुर्घटना में दो सौ इकतालिस लोगों की मृत्यु होने की पुष्टि की । गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी मृतकों में शामिल हैं।

अहमदाबाद में बारह जून को हुए विमान हादसे में प्रदेश के आगरा जिले के अकोला गांव के नीरज लवानिया और उनकी पत्नी अपर्णा लवानिया की भी मृत्यु हो गई। नीरज लवानिया वडोदरा स्थित एक निजी कंपनी में काम करते थे। वह अपनी पत्नी अपर्णा लवानियां के साथ लंदन यात्रा पर जा रहे थे।

सांसद राजकुमार चाहर ने अकोला पहुंचकर उनके परिजनों को सांत्वना दी और हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

**देखिए अकोला के रहने वाले हमारे नीरज लवानिया और उनकी धर्मपत्नी अर्पना लवानिया ये लोग गुजरात के वड़ोदरा में रहते थे और वहाँ पे एसी नसन करके एक कंपनी है उसमें मैनेजर थे एक अच्छी पोस्ट पे थे। दोनों पति पत्नी जो प्लेन क्रैश होने की जो बड़ी दुखद दुर्घटना की सूचना पूरे देश भर के लोगों को मिली है। पूरा देश स्तब्ध है पूरा देश शोकग्रस्त भी है घटना को लेके सब लोग दुखी है उस लिस्ट में ये लोग थे जो जाने वालों की लिस्ट थी।**

इस बीच, नागरिक विमानन महानिदेशालय–डीजीसीए ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद निवारक उपाय के रूप में जेनएक्स इंजन से लैस बोइंग सात सौ सतासी आठ और सात सौ सतासी नौ ड्रीमलाइनर विमानों के अतिरिक्त सुरक्षा निरीक्षण के लिए एयर इंडिया को निर्देश दिया है। डीजीसीए ने कहा कि संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ समन्वय करके तत्काल प्रभाव से निरीक्षण किया जाना चाहिए। डीजीसीए ने दो सप्ताह के भीतर पावर एश्योरेंस जांच करने और बीते पंद्रह दिनों में बार–बार आई तकनीकी खामियों की समीक्षा के आधार पर रखरखाव कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी करने का भी निर्देश दिया।

**********

अहमदाबाद विमान हादसे के कारणों की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय बहु विषयक समिति का गठन किया गया है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा की है। मंत्रालय ने कहा है कि यह समिति ऐसी घटनाओं को रोकने और संभालने के लिए उपलब्ध मानक संचालन प्रक्रियाओं और गाइडलाइन्स की जांच करेगी। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं का सामना करने के लिए व्यापक दिशा निर्देशों के बारे में सुझाव भी देगी। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह समिति हादसे की अन्य संगठनों द्वारा की जा रही अन्य जांचों का विकल्प नहीं होगी।

इस बीच, गुजरात के अहमदाबाद में बारह जून को हुए घातक विमान हादसे की जांच जारी है। फोरेंसिक विशेषज्ञ विस्तृत जांच के लिए कल दुर्घटनास्थल पर गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटनास्थल से एक ब्लैक बॉक्स बरामद किया गया । इससे पहले, गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते ने घटनास्थल से एक डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर बरामद किया।

**********

दुर्घटना के सटीक कारण का पता नहीं चला है, क्योंकि फोरेंसिक विश्लेषण और आगे की तकनीकी जांच की प्रतीक्षा है। हादसे के बाद, आसपास के इलाके के कई स्थानीय निवासी लापता बताए गए हैं। उन्हें खोजने के लिए अभियान अभी जारी है। दुर्घटना के संबंध में मेघानी नगर पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मृत्यु की प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

हमारे संवाददाता के अनुसार, मृतकों के परिवारों को सात से अधिक शव सौंप दिए गए हैं, जबकि पहचान में सहायता के लिए दो सौ से अधिक डीएनए नमूने एकत्र किए गए हैं। इस बीच, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि इस समय अस्पताल में हादसे से जुड़े बत्तीस लोगों का इलाज चल रहा है।

**********

इस वर्ष दुधवा नेशनल पार्क के मोहम्मदी रेंज को मानसून सीजन में भी पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दुधवा नेशनल पार्क का बाकी क्षेत्र पंद्रह जून से चार महीने के लिए मानसून के कारण बंद हो जाता है, लेकिन इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मोहम्मदी रेंज को इस बार बारिश के मौसम में भी खोला जाएगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**दुधवा नेशनल पार्क के मोहम्मदी रेंज में 24 किलोमीटर लंबा सफारी ट्रैक है, जिसमें पचीस से अधिक बाघों के साथ–साथ हिरण, नीलगाय सहित अन्य जीवों की आबादी है। बारिश में यहां आने वाले पर्यटक जंगल को सबसे अधिक हरे–भरे रूप में देख सकेंगे। वन विभाग ने पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। पर्यटक लोकप्रिय विस्टाडोम कोच का भी आनंद ले सकते हैं, जो बिछिया से चलकर एक सौ सात किलोमीटर का खूबसूरत सफर तय कर मैलानी स्टेशन तक जाती है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

हीट वेव के कारण प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में तीस जून तक पठन पाठन नहीं होगा। इस संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी स्कूल में उपस्थित रहेंगे।

**********

भारतीय सेना छब्बीस जुलाई को छब्बीसवां कारगिल विजय दिवस समारोह मनायेगी। इसी कड़ी में सेना की ओर से घर–घर शौर्य सम्मान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत कारगिल के शहीदों के घर जा कर उनके परिजनों को सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किया जा रहा है। इसी क्रम में कल सेना के जवानों ने वीर चक्र से सम्मानित मेरठ के शहीद सीएचएम यशवीर सिंह के परिवार के मुलाकात की और उनकी पत्नी मुनेश देवी को सम्मानित किया। शहीद यशवीर सिंह के बेटे पंकज तोमर ने कहा कि सेना द्वारा शहीदों के परिवार का सम्मान किया जाना सराहनीय कदम है।

**काफी अच्छा लगा की हाँ की कारगिल की तरफ से आज हमारे पास जवान आए है पूछने की हाँ उनकी फैमिली में क्या चल रहा है क्या नहीं चल रहा तो अच्छी चीज यही हर फैमिली के पास जाता है तो उनका थोड़ासा उत्साह भी बढ़ता है। उन्हें ये भी लगता है की हाँ हमारा परिवार है क्योंकि आर्मी के जो लोग होते हैं हमें लगता है की हाँ हमारा परिवार वही है।**

**********

आयुष मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित हाइब्रिड वैश्विक शिखर सम्मेलन–योग कनेक्ट का आयोजन करेगा। यह सम्मेलन ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले एक प्रमुख कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

**********

प्रदेश में सोलह जून से बारिश का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इससे तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने दी।

**15 जून से स्थिति में सुधार आना शुरू होगा तथा 16 जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश से बारिश का एक नया दौर शुरू होगा, जो धीरे–धीरे पश्चमी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ेगा इसी क्रम में 17, 18 और 19 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं–कहीं भारी बारिश तथा 19 जून को पश्चमी उत्तर प्रदेश में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।**

**********

कन्नौज जिले से तीन बार सांसद रहे और समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य छोटे सिंह यादव का कल शाम लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह छिबरामऊ विधान सभा क्षेत्र से विधायक, पीएसएफ के चेयरमैन और उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष भी रहे।

**********